आर्थर का भालू

लिलियन होबन

आर्थर का भालू

लिलियन होबन

वो वसंत में सफाई का दिन था.

वायलेट अपने खिलौनों का संदूक साफ़ कर रही थी.

उसने खिलौनों के दो ढेर बनाए.

कुछ अपने पास रखने के लिए, और दूसरे अलमारी में रखने के लिए.

आर्थर अपनी टिकट एल्बम में टिकट चिपका रहा था.

आर्थर ने कहा, "बिक्री-सेल तब होती है जब आप अपना पुराना कबाड़ बेचते हैं."

"मेरे पास कोई पुराना कबाड़ नहीं है," वायलेट ने कहा.

"मैं अपने सभी खिलौने अपने पास रखना चाहती हूँ."

"मैं भी अपना खिलौनों का संदूक भी साफ़ करूंगा," आर्थर ने कहा. "और फिर मैं एक बिक्री-सेल आयोजित करूंगा."

"वो बिक्री-सेल क्या होती है?" वायलेट ने पूछा.

"जब मैं छोटा था," आर्थर ने कहा, "तब मैं भी अपने सारे खिलौने अपने पास रखना चाहता था. लेकिन अब मैं उनमें से कुछ को बेचना चाहता हूं."

फिर आर्थर ने अपने खिलौनों का संदूक साफ करना शुरू किया.

वो अपने खिलौनों का एक ढेर पीछे की सीढ़ियों पर ले गया.

आर्थर ने अपना हुला-हूप,
और यो-यो उठाया,

उसने फिंगर पेंटिंग्स का ढेर,
और अपना चीन वाला घोड़ा लिया.

उसने नोहा का जहाज़, अपना बेबी किंग-कांग,

उसने रेत के खिलौने, पुराने ताश, और अपने
रंगीन पत्थरों को भी लिया.

फिर उसने अपना भालू निकाला.

आर्थर ने कहा, "जब मुझे चेचक हुई थी तो पिताजी ने मुझे वो भालू भेंट किया था."

"जब कभी मैं बीमार होता था तो भालू हमेशा मेरी दवा चखता था."

आर्थर ने भालू को बेबी किंग-कांग के पीछे रख दिया.

"अब मैं उनके मूल्य की पर्चियां बनाऊंगा," आर्थर ने कहा.

"मुझे भी मदद करने दो," वायलेट ने कहा.

"तुम उन पर्चियों के लिए कागज़ काट सकती हो," आर्थर ने कहा,

"लेकिन उन पर कीमतें मैं ही लिखूंगा."

आर्थर ने एक बड़ा बोर्ड लिया. उस पर लिखा:

पैसा वसूल सेल !!

आओ और खरीदो !!

फिर आर्थर ने कागज़ की पर्चियों पर कीमतें लिखीं.

उसने सभी खिलौनों, चित्रों, पत्थरों पर कीमत की पर्चियां लगाईं.

वायलेट ने कहा, ''तुमने भालू पर कोई पर्ची नहीं लगाई.''

"वो बहुत अच्छी हालत में है." आर्थर ने कहा.

"उसकी केवल एक आंख ही गायब है. शायद मुझे उसे बहुत अधिक कीमत में बेचूँ."

"शायद मुझे उसे इकतीस सेंट में बेचना चाहिए," आर्थर ने कहा.

"लेकिन उसका एक कान कटा है," वायलेट ने कहा.

"ठीक है," आर्थर ने कहा, "लेकिन मैंने भालू को बेंचने के बारे में अभी तक अपना मन नहीं बनाया है."

फिर उसने भालू को बेबी किंग-कांग के पीछे रख दिया.

"अब," आर्थर ने कहा, "हमें तीर बनाने होंगे.

जिससे सभी को पता चले कि बिक्री कहां होगी."

फिर उन्होंने बैंगनी रंग ने कागज से तीरों की आकृतियाँ काटीं.

आर्थर ने उन पर "बिक्री-सेल" लिखा.

आर्थर और वायलेट ने तीरों को कई पेड़ों पर चिपकाया.

आर्थर ने कहा, "अब हम ग्राहकों के आने और खरीदारों का इंतजार करेंगे."

उन्होंने इंतजार किया और इंतजार किया.

उनके पास कुछ कप-केक और दूध था.

वायलेट के पास सफेद फ्रॉस्टिंग वाला चॉकलेट कप-केक था.

और आर्थर के पास गुलाबी फ्रॉस्टिंग वाला एक कप-केक था.

"कप-केक बिक्री के लिए नहीं हैं," आर्थर ने कहा.

"लेकिन पत्थर तीन सेंट के हैं. कुछ पेंटिंग भी उसी कीमत की हैं."

फिर नॉर्मन अपनी बाइक पर सवार होकर आया.

"वो कप-केक कितने के हैं?" उसने पूछा.

"मेरे पास केवल तीन सेंट हैं."

नॉर्मन ने सभी रंगीन पत्थरों को देखा.

उसने कहा, "उनमें से कोई भी ऐसा पत्थर नहीं है जिसे मैं चाहता हूं."

फिर उसने यो-यो चलाकर देखा.

उसने कहा, "यो-यो तो पकड़ में ही नहीं आता है."

"भला कौन उस खराब यो-यो के लिए ग्यारह सेंट देगा जो चलता ही न हो."

उसने पुराने कार्ड गेम्स उठाए.

नॉर्मन ने कहा, "केवल बच्चे ही उन कार्ड गेम्स से खेलते हैं."

"मैं अभी भी कार्ड गेम्स से खेलती हूं," वायलेट ने कहा, "और मैं अब बच्ची नहीं हूं."

नॉर्मन ने कहा, "यह सेल अच्छी नहीं है."

"इनसे को मेरे पुराने खिलौने बेहतर हैं."

फिर वो अपनी बाइक पर बैठा और चला गया.

"देखो विल्मा आ रही है," वायलेट ने कहा.

"शायद वो कुछ खरीदे."

विल्मा ने कहा, "कल मेरी बहन का जन्मदिन है."

"क्या आपके पास उसके लिए कुछ अच्छा है?"

"ठीक है," आर्थर ने कहा, "देखो, यहाँ एक बहुत अच्छा हुला-हूप है."

"लेकिन वो मुड़ा हुआ है," विल्मा ने कहा.

"और मेरी बहन के पास पहले से ही एक हुला-हूप है."

"देखो, वहां एक चाइनीज घोड़ा है," आर्थर ने कहा.

"भालू कितने का है?" विल्मा ने पूछा.

"कौन सा भालू?" आर्थर से पूछा.

विल्मा ने कहा, "बेबी किंग-कांग के पीछे एक भालू रखा है. लेकिन उसके ऊपर कोई कीमत की पर्ची नहीं लगी है."

"ओह," आर्थर ने तुरंत कहा, "उसकी लागत बहुत अधिक है."

"अच्छा, वो कितने का है?" विल्मा ने पूछा.

आर्थर ने कहा, "तुम्हरो बहन को वो पसंद नहीं आएगा."

"वो अब रुई से भरे खिलौनों से खेलने के लिए बहुत बड़ी है."

"नहीं, ऐसा नहीं है," विल्मा ने कहा.

"वो रुई से भरे सुअर को अपने साथ रोज़ाना बिस्तर में ले जाती है."

“”क्या तुम उस गिफ्ट को रंगीन कागज़ में पैक करके दोगे?" विल्मा ने पूछा.

"नहीं," आर्थर ने कहा.

"ठीक है," आर्थर ने कहा, "मैं उसे तुम्हें पचास सेंट में बेच दूंगा."

"ठीक है," विल्मा ने कहा. फिर उसने अपनी जेब से पचास सेंट निकाले.

"ठीक है," विल्मा ने कहा, "देखो, मेरे पास गिफ्ट-रैप पेपर के लिए पैसे नहीं हैं. अगर मैं खिलौने की दुकान से कोई उपहार खरीदूंगी, तो वे बिना अतिरिक्त पैसों के उपहार को गिफ्ट-रैप कर देंगे."

फिर विल्मा ने पचास सेंट वापस अपनी जेब में रखे और वो भी चली गई.

आर्थर ने अपने भालू की ओर देखा और उसे गले लगाया.

उसने भालू को पकड़ा और फिर अपना बचा हुआ कप-केक खाया.

आर्थर ने कहा, "काश कोई कुछ खरीदता."

वायलेट ने कहा, "मैं कुछ खरीदूंगी. आर्थर, मैं तुम्हारा भालू खरीदूंगी."

"लेकिन तुम्हारे पास पैसे नहीं हैं," आर्थर ने कहा.

"मेरे पास इकतीस सेंट हैं," वायलेट ने कहा.

"मैं तुम्हें इकतीस सेंट और अपनी बिल्कुल नई रंगने वाली पुस्तक दे सकती हूं. मैंने अभी तक उसमें कोई भी पन्ना नहीं रंगा है."

"ठीक है," आर्थर ने कहा.

"लेकिन शायद मैं भालू को अपने पास रखना चाहता हूं."

वायलेट ने कहा, "मैं तुम्हें इकतीस सेंट, अपनी बिल्कुल नई रंगने वाली पुस्तक और अपना क्रेयॉन का डिब्बा भी दूंगी."

"उसमें केवल बैंगनी रंग का क्रेयॉन टूटा हुआ है."

आर्थर ने कहा, "देखो वो भालू लंबे समय से मेरा प्रिय खिलौना रहा है."

"वो चाहता है कि मैं उसकी देखभाल करूं."

"मुझे लगा था कि कि तुम अपना पुराना कबाड़ नहीं रखना चाहते हो," वायलेट ने कहा.

आर्थर ने कहा, "लेकिन भालू मेरे लिए कबाड़ नहीं है. वो मेरा विशेष भालू है."

"मैं तुम्हें इकतीस सेंट, अपनी बिल्कुल नई रंगने वाली पुस्तक, अपना क्रेयॉन का डिब्बा और क्रैकर-जैक का आधा डिब्बा भी दूंगी, जिसमें अभी भी एक पुरस्कार छिपा है." वायलेट ने कहा.

"फिर ठीक है," आर्थर ने कहा.

फिर वायलेट ने आर्थर को इकतीस सेंट, उसके क्रेयॉन, उसकी रंग भरने वाली किताब और क्रैकर-जैक का आधा डिब्बा दिया.

आर्थर ने वायलेट को अपना भालू दे दिया.

उसने इकतीस सेंट अपने गुल्लक में डाल दिए.

उसने कुछ क्रैकर-जैक खा भी लिए.

फिर आर्थर ने अपनी बिक्री की सभी चीज़ें उठाईं और उन्हें दूर रख दिया.

उसने पुरस्कार के रैपर पर अपना भाग्य पढ़ा.

भाग्य की पर्ची पर लिखा था: "जिससे तुम प्यार करते थे, वो अब चला गया है."

उसके अंदर एक अंगूठी थी. आर्थर ने वो पहन ली.

फिर उसने पुस्तक के एक चित्र में रंग भरा.

उन्होंने भालू पकड़े हुए एक लड़के की तस्वीर बनाई.

वायलेट भालू को पकड़े हुए अंदर आई.

भालू ने एक गुलाबी रंग का सूट पहना था.

भालू, माला और बोनट भी पहने हुए था.

"मेरा भालू एक लड़का है," आर्थर ने कहा.

"उसे ये कपड़े पसंद नहीं हैं."

"तुम्हारा भालू अब मेरा भालू है," वायलेट ने कहा. "अब मैं उसे अपनी पसंद के कपड़े ही पहनाऊँगी."

आर्थर ने कहा, "उसकी देखभाल कैसे करनी है वो तुम्हें नहीं पता है."

"ठीक है, अब मैं उसकी माँ हूँ," वायलेट ने कहा, "और मैं उसकी देखभाल अपनी तरह करूंगी."

"मुझे लगता है कि भालू को मेरी याद आती होगी," आर्थर ने कहा.

"वो चाहता है कि वो अभी भी मेरा भालू बना रहे."

"लेकिन अब वो तुम्हारा भालू नहीं है," वायलेट ने कहा.

फिर वायलेट, भालू को सैर कराने ले गई.

आर्थर बैठ गया और उसने कुछ और क्रैकर-जैक खाए.

उसने अंगूठी निकाली और उसे दूसरी उंगली में पहनी.

उसने रंगने वाली पुस्तक फिर से खोली.

उसने एक धुन बजाई, और फिर कुछ देर सोचा.

कुछ देर में वायलेट वापस आ गई.

वो भालू के साथ बैठ गई.

आर्थर ने कुछ और सोचा.

फिर उसने वायलेट से कहा,
“वायलेट, क्या तुम मेरी छोटी बहन हो?”

"हाँ," वायलेट ने कहा.

"तो फिर, क्या तुम्हें पता है कि मैं तुम्हारा कौन हूँ?" आर्थर ने कहा.

"तुम मेरे बड़े भाई हो," वायलेट ने कहा.

"हाँ, मैं हूँ," आर्थर ने कहा, "और क्या तुम्हें उसका मतलब पता है?"

"नहीं," वायलेट ने कहा.

"उसका मतलब है कि मैं तुम्हारे भालू का मामा हूं!" आर्थर ने कहा.

आर्थर ने भालू को उठाया और अपने गले लगाया.

"मैं तुम्हारा मामा हूँ, प्रिय भालू," आर्थर ने कहा. "और मैं हमेशा तुम्हारा मामा रहूंगा."

"और क्या तुम्हें पता है कि मामा क्या करते हैं?" आर्थर ने कहा.

"मामा क्या करते हैं?" वायलेट ने पूछा.

आर्थर ने कहा, "मामा अपने भानजे के साथ खेलते हैं और वे उसे दावत खिलाने के लिए बाहर ले जाते हैं."

"मेरे भालू को दावत पसंद हैं," वायलेट ने कहा.

"क्या मैं भी आ सकती हूं?"

"ज़रूर," आर्थर ने कहा.

भालू ने अपने मामा आर्थर की गोद में बैठकर आइसक्रीम का कोन खाया.

"भालू, मुझे खुशी है कि मैं हमेशा तुम्हारा मामा रहूंगा," आर्थर ने कहा.

आर्थर ने अपने गुल्लक में से इकतीस सेंट निकाले.

फिर वो वायलेट और भालू को कैंडी स्टोर ले गया.

आर्थर, वायलेट और भालू के हाथ में चॉकलेट आइसक्रीम के कोन थे.

फिर वायलेट और आर्थर ने, भालू को
उसकी आइसक्रीम खाने में मदद की.

अंत